राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग
नासिन कॉम्पलैक्स, सैक्टर–29, फरीदाबाद–121008

NATIONAL ACADEMY OF CUSTOMS, INDIRECT TAXES & NARCOTICS
Government of India, Ministry of Finance, Department of Revenue
NACIN Complex, Sector-29, Faridabad-121008
फोन /Telephone : 0129-2504652-54
फैक्स / Fax : 0129-2504632

(ई-मेल के माध्यम से)

फा.सं.II(11)03/नासिन-2020/361 से 590

दिनांक: 14 .01.2020

विषय:- नासिन, फरीदाबाद में समूह 'क' अधिकारियों के लिए "सेवा-निवृत्ति हेतु योजना" (Planning for Superannuation) पर दिनांक 13 और 14 फ़रवरी, 2020 को दो दिवसीय पाठ्यक्रम के संबंध में।

राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी, फरीदाबाद द्वारा दिनांक 13 और 14 फ़रवरी, 2020 को सीबीआईसी के समूह 'क' अधिकारियों के लिए "सेवा-निवृत्ति हेतु योजना" (Planning for Superannuation) विषय पर दो दिवसीय पाठ्यक्रम नासिन, फरीदाबाद में आयोजित किया जा रहा है।

2. अत: यह अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए सीबीआईसी के उपयुक्त समूह 'क' अधिकारियों को नामित किया जाये।

3. नामांकन सकारात्मक रूप से दिनांक 7 फ़रवरी, 2020 तक केवल ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी- **nomination.istnacin@gmail.com** पर सुश्री मोनिका यादव, उप-निदेशक, नासिन, फरीदाबाद को भेजी जाये। नामित अधिकारियों के दूरभाष/मोबाईल संख्या, ई-मेल का पता (बड़े अक्षरों में) के साथ-साथ नामित अधिकारी के कर्मचारी आईडी (Employee ID) भी नामांकन पत्र में इंगित करें जिससे कि पत्राचार में आसानी हो एवं सीबीआईसी अधिकारियों के प्रशिक्षण डेटा बेस का सृजन किया जा सके।

4. यह भी अनुरोध किया जाता है कि कागज की बर्बादी से बचने के लिए नामांकन की हॉर्ड-कॉपी कूरियर या डाक के माध्यम से अलग से न भेजी जाये।

5. कृपया यह सुनिश्चित किया जाये कि जिस अधिकारी का नाम पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए नामांकित किया जाता है वो पाठ्यक्रम में अवश्य भाग ले क्योंकि अंतिम समय में नामांकन रद्द/वापस किये जाना प्रशासनिक एंव वित्तीय मामले से जुड़े होते हैं।

6. पंजीकरण के समय प्रतिभागियों को दोपहर के भोजन और चाय/नाश्ते के लिए 250/- प्रति दिन के हिसाब से भुगतान करना होगा।

7. प्रतिभागियों को यह सुझाव दी जाती है कि वे फरीदाबाद के किसी नजदीकी होटल में ठहरे ताकि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए समय पर नासिन पहुँच सकें। प्रतिभागियों के सुविधा के लिए फ़रीदाबाद के होटलों का विवरण संलग्न है।

8. नामांकित अधिकारियों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए सकारात्मक रूप से दिनांक 13.02.2020 को प्रात: 09.30 बजे नासिन, सेक्टर 29, फरीदाबाद, पुलिस लाईन के करीब, फरीदाबाद में रिपोर्ट करने के लिए निर्देशित किया जाय। यहाँ से नजदीकी मैट्रो स्टेशन, वॉयलेट लाईन पर फरीदाबाद सैक्टर-28 है। समापन-सत्र दिनांक 14.02.2020 को सांय 06.00 बजे तक समाप्त होगी, अत: अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी वापसी की यात्रा तदनुसार के अनुसार बनाए।

भवदीय,

14/01/2020

संलग्नक : यथोपरि

(राजेश कुमार)
संयुक्त निदेशक

राजेश कुमार
RAJESH KUMAR
संयुक्त निदेशक
JOINT DIRECTOR

सेवा में,

1. सभी प्रधान मुख्य आयुक्त/मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क
2. सभी प्रधान मुख्य आयुक्त/मुख्य आयुक्त, सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क
3. प्रधान महानिदेशक/महानिदेशक (सीबीआई के तहत सभी निदेशालय)
4. मुख्य विभागीय प्रतिनिधि, सीईएसटीएटी, नई दिल्ली
5. सभी प्रधान आयुक्त/आयुक्त, सीमा शुल्क
6. सभी प्रधान आयुक्त/आयुक्त, सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क
7. सभी प्रधान आयुक्त/आयुक्त, लेखापरीक्षा आयुक्तालय
8. सीबीआईसी एवं नासिन वैबसाईट